स्कूल महामारी EBT (P-EBT) के बारे में अक्सर पूछे जाने वाले सवाल (FAQs)

2022-2023 स्कूल वर्ष के लिए (4 जनवरी, 2023)

प्र1: P-EBT क्या है?

उ: यह फ़ेडरल सरकार द्वारा अनुमोदित अस्थाई भोजन लाभ है। इसे COVID-19-की वजह से स्कूल बंद होने और स्कूल में अनुपस्थिति से प्रभावित घरों की मदद करने के लिए बनाया गया है।

प्र2: P-EBT लाभों का पात्र कौन है?

उ: वर्मोंट के उन विद्यार्थियों वाले घर जिन्हें सामान्य तौर पर National School Lunch Program (राष्ट्रीय स्कूल लंच कार्यक्रम) के तहत स्कूल में मुफ्त या कम कीमत में लंच मिलता हो (इस साल के यूनिवर्सल स्कूल मील्स के बारे में कृपया प्र3 देखें)। एक माह के लिए लाभ उपलब्ध हैं, अगर:

- विद्यार्थी की उस माह में COVID-संबंधी अनुपस्थिति है, **और**
- विद्यार्थी का स्कूल P-EBT के लिए "क्वालिफ़ाइड" है। *कोई स्कूल P-EBT के लिए कैसे क्वालिफ़ाई करता है, यह जानने के लिए स्टेट प्लान देखें: https://dcf.vermont.gov/esd/P-EBT* ।

प्र3: वर्मोंट में यूनिवर्सल स्कूल मील्स का क्या? क्या यह P-EBT पात्रता को प्रभावित करता है?

उ: वर्मोंट न्यायपालिका ने एक कानून पारित किया, अधिनियम 151 (2022), जो वर्मोंट के सभी पब्लिक स्कूलों और कुछ स्वतंत्र स्कूलों को यूनिवर्सल स्कूल मील्स के लिए फ़ंडिंग उपलब्ध कराता है। इसका मतलब है कि वर्मोंट के सभी पब्लिक स्कूल और कुछ स्वतंत्र स्कूल राष्ट्रीय स्कूल लंच कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं और स्कूल वर्ष 2022-2023 में CEP या प्रावधान 2 का संचालन कर रहे हैं। जब हर स्कूल क्वालिफ़ाई करता है (ऊपर प्र2 देखें), इन स्कूलों के वे सभी विद्यार्थी अपने छूटे हुए दिन के लिए P-EBT लाभ पाएँगे जो किसी COVID-संबंधी कारण की वजह से स्कूल नहीं जा पाए। जो स्वतंत्र स्कूल राष्ट्रीय स्कूल लंच कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं और स्कूल मील्स के लिए परिजनों से पैसे लेते हैं, उनके विद्यार्थियों को मुफ्त या कम कीमत पर मील्स के योग्य होने पर ही लाभ मिलेंगे।

प्र4: COVID-संबंधित अनुपस्थिति किसे माना जाता है?

उ: COVID-संबंधित अनुपस्थिति का मतलब है कि महीने के दौरान इनमें से किसी भी कारण से स्कूल से अनुमत अनुपस्थिति:

- COVID-पॉज़िटिव या COVID जैसी लगने वाली बीमारी,
- COVID-पॉज़िटिव व्यक्ति के नज़दीकी संपर्क का पता चलना,

- COVID के ऐसे लक्षण जो एकांतवास की ज़रूरत दिखाएँ और/या COVID की जाँच का इशारा दें, या
- बिना किसी योजना के कक्षा, ग्रेड या स्कूल बंद होना या COVID-संबंधी कारणों से रिमोट शिक्षा अपनाना, इसमें पॉज़िटिव मामले, COVID की वजह से स्टाफ़ की कमी, संपर्क ट्रेस करने की ज़रूरत आदि शामिल हैं।
- COVID-संबंधित अनुपस्थिति के बारे में अधिक विस्तृत जानकारी के लिए, यह लिंक देखें https://education.vermont.gov/documents/definition-of-covid19-related-absences-for-purposes-of-issuing-pebt-benefits

---

प्र5: हमारा स्कूल बर्फबारी या पानी का पाइप फटने या हीटिंग सिस्टम खराब होने की वजह से बंद था। क्या इससे विद्यार्थी उन छूटे दिनों के लिए P-EBT के लिए क्वालिफ़ाई करते हैं?
उ: नहीं, केवल COVID-संबंधित किसी कारण से स्कूल बंद होने को ही इसमें गिना जाएगा।

प्र6. कैसे पता चलेगा कि मेरा घर पात्र है या नहीं?
उ: वर्मोंट राज्य द्वारा उपलब्ध कराए गए मापदंडों के आधार पर, आपके विद्यार्थी का स्कूल तय करेगा कि आपका विद्यार्थी पात्र है या नहीं। स्कूल यह पक्का करने के लिए आपसे संपर्क कर सकता है कि उसकी फ़ाइल में सही जानकारी है। कृपया उनके अनुरोध का जवाब दें। अगर आप पात्र हैं, तो आपको Department for Children and Families (DCF, बाल एवं परिवार विभाग) की ओर से एक पत्र मिलेगा, जिसमें यह बताया जाएगा कि आपको कैसे और कब लाभ मिलेंगे।

प्र7: मुझे पिछले स्कूल वर्ष (2021-22) में एक P-EBT कार्ड मिला था, लेकिन अब वह मेरे पास नहीं है। क्या इससे कोई परेशानी होगी?
उ: DCF आपको एक रिप्लेसमेंट कार्ड भेज सकता है। निर्देश, अप्रेल 2023 में जाने वाले लाभ सूचना पत्रों में शामिल किए जाएँगे। अगर आपको नया कार्ड मिले, तो कृपया उसे अपने पास रखें। अतिरिक्त लाभ जोड़े जा सकते हैं, क्योंकि इस स्कूल वर्ष में एक से ज़्यादा बार भुगतान किया जाएगा।

प्र8: लाभ कब जारी किए जाएँगे?
उ: *सितंबर 2022 से जनवरी 2023* के लिए लाभों का पहला राउंड अप्रैल 2023 में जारी किया जाएगा। *फरवरी 2023 से जून 2023* के लिए लाभ अगस्त 2023 में जारी किए जाने की योजना है। कृपया अधिक विशिष्ट जानकारी पाने के लिए, DCF वेबसाइट पर अक्सर पूछे जाने वाले सवाल देखना जारी रखें: https://dcf.vermont.gov/esd/P-EBT। कृपया ध्यान दें, अगर फ़ेडरल COVID-19 सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल स्कूल वर्ष के दौरान खत्म हो जाता है, तो फ़ेडरल सरकार इस स्कूल वर्ष में P-EBT लाभ खत्म कर देगी। उस स्थिति में, ये अक्सर पूछे जाने वाले सवाल P-EBT की उपलब्धता वाले आखिरी महीने की सूचना देने के लिए अपडेट किए जाएँगे।

प्र9: P-EBT लाभ कितना है?

उ: विद्यार्थी की COVID-संबंधी अनुपस्थिति वाले हर दिन के लिए P-EBT लाभ $8.18 है।

प्र10: क्या P-EBT लाभ समान रहेगा, चाहे घर में कितने भी बच्चे हों?
उ: मासिक लाभ राशि हर माह में हर विद्यार्थी की COVID-संबंधी अनुपस्थिति वाले दिनों की संख्या के आधार पर वैयक्तिकृत होती है। घर को इस आधार पर अलग-अलग लाभ मिलेंगे कि घर का हर बच्चा हर माह के कितने दिन P-EBT का पात्र है।

प्र11: मेरे विद्यार्थी की कस्टडी दो घरों के बीच बँटी हुई है। लाभ किसे मिलेगा?
उ: लाभ उस वयस्क को भेजा जाएगा, जो विद्यार्थी के स्कूल में "घर के मुखिया" के तौर पर सूचीबद्ध है। यह वह वयस्क हो सकता है जिसने विद्यार्थी के लिए मुफ्त या कम कीमत का आवेदन सबमिट किया है या वह वयस्क जो स्कूल के सिस्टम में प्राथमिक संपर्क के तौर पर सूचीबद्ध हो। स्कूल जनवरी में यह पता करने के लिए घरों से संपर्क कर रहे हैं कि "घर के मुखिया" के तौर पर किसे सूचीबद्ध किया जाना चाहिए। अगर "घर के मुखिया" को अपडेट किए जाने की ज़रूरत है, तो कृपया स्कूल से संपर्क करें।

प्र12: मैं इस लाभ से क्या खरीद सकता/सकती हूँ?
उ: आप अपने P-EBT लाभ से कौनसी खाने की चीज़ें खरीद सकते हैं, USDA वेबसाइट पर इसकी सूची देखें: https://www.fns.usda.gov/snap/eligible-food-items।

प्र13: मैं अपना P-EBT कार्ड कहाँ उपयोग कर सकता/सकती हूँ?
उ: आप ऐसी किसी भी जगह पर इसका उपयोग खाने की पात्र चीज़ें खरीदने के लिए कर सकते हैं जो 3SquaresVT स्वीकार करती हैं। इसमें वर्मोंट में ग्रोसरी स्टोर, सुपरमार्केट, किराना स्टोर और किसान मार्केट शामिल हैं। यहाँ DCF की वेबसाइट पर अधिक जानें: https://dcf.vermont.gov/benefits/ebt।

प्र14: मेरे बच्चे स्कूल में नहीं हैं। क्या मुझे यह लाभ मिलेगा?
उ: यह लाभ सिर्फ़ उन घरों के लिए है जिनके बच्चे राष्ट्रीय स्कूल लंच कार्यक्रम के तहत आमतौर पर मुफ्त या कम-कीमत पर मील्स पाते हैं और अब COVID-संबंधित अनुपस्थिति की वजह से वे मील घर पर खाते हैं। साथ ही, घर से पढ़ने वाले उन विद्यार्थियों के लिए भी है जो प्रश्न 16 में दी गई शर्तें पूरी करते हैं।

प्र15: क्या यह पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के लिए ही है?
उ: नहीं। कुछ स्वतंत्र स्कूल राष्ट्रीय स्कूल लंच कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं और इन स्कूलों के बच्चे इस लाभ के पात्र हो सकते हैं। हालाँकि, कई स्वतंत्र स्कूल राष्ट्रीय स्कूल लंच कार्यक्रम में भाग नहीं ले रहे हैं और उनके विद्यार्थी पात्र नहीं हैं।

प्र16: मेरा बच्चा इस साल घर से पढ़ाई कर रहा है। क्या हम लाभ के लिए क्वालिफ़ाई करते हैं?

उ: आप फ़ेडरल सरकार के नए दिशा-निर्देशों के आधार पर इस स्कूल वर्ष में P-EBT लाभ के लिए क्वालिफ़ाई कर सकते हैं। इस साल घर से पढ़ाई कर रहे निम्न विद्यार्थी P-EBT लाभ के पात्र हो सकते हैं:

- स्कूल वर्ष 2022-2023 में Agency of Education (शिक्षा एजेंसी) के ज़रिए घर से पढ़ाई करने के लिए नामांकित होने वाले विद्यार्थी
- 27 जनवरी, 2020 के कुछ समय बाद घर से पढ़ाई करने के लिए नामांकित होने वाले विद्यार्थी (27 जनवरी, 2020 से पहले घर से पढ़ाई के लिए नामांकित होने वाले विद्यार्थी पात्र नहीं हैं)
- अगर विद्यार्थी व्यक्तिगत रूप से पहले कभी वर्मोंट के किसी स्कूल में नहीं गए हैं, या तो क्योंकि वे जनवरी 2020 से वर्मोंट में नए हैं या बच्चा इस स्कूल वर्ष नर्सरी, पहली या दूसरी कक्षा में हैं, माता-पिता/अभिभावक एक अनुप्रमाणन (अटेस्टेशन) पूरा करते हैं, जिसमें लिखा होता है कि COVID से जुड़ी चिंताओं की वजह से इस स्कूल वर्ष में उनके बच्चे को घर पर ही पढ़ाया जा रहा है।

प्र17: क्या शिक्षा एजेंसी के ज़रिए घर से पढ़ाई के लिए नामांकित होने वाले परिवारों को इस स्कूल वर्ष P-EBT लाभ पाने के लिए उनके लिए आवेदन करना ज़रूरी है?

उ: नहीं। AOE और DCF घर से पढ़ाई के लिए P-EBT लाभ जारी करने के लिए फ़ाइल में मौजूद घर से पढ़ाई के लिए नामांकन की जानकारी का उपयोग करेंगे। चूँकि वर्मोंट के सभी पब्लिक स्कूल प्रावधान 2 और CEP के ज़रिए मुफ्त मील्स दे रहे हैं, इसलिए प्रश्न 16 में दी गई शर्तें पूरी करने वाले घर से पढ़ रहे विद्यार्थी बिना यह दिखाए लाभ पा सकेंगे कि वे मुफ्त या कम कीमत पर मील्स पाने के पात्र हैं या नहीं। अगर नामांकन या AOE के पास मौजूद संपर्क जानकारी से जुड़े कोई सवाल हैं, तो AOE घर से पढ़ाई कराने वाले परिवारों से संपर्क करेगा। साथ ही, उन परिवारों के लिए अनुप्रमाणन (अटेस्टेशन) पूरा कराने के लिए भी संपर्क करेगा जिन्हें यह पुष्टि करने के लिए इसे भरना है कि COVID से जुड़ी चिंताओं की वजह से इस वर्ष उनके बच्चे को घर पर ही पढ़ाया जा रहा है।

प्र18: घर से पढ़ाई करने वालों के लिए P-EBT लाभ कितना है?

A: AOE के ज़रिए घर से पढ़ाई करने के लिए नामांकित होने वाले विद्यार्थियों के लिए सितंबर से लेकर जून तक के हर महीने के लिए $143.15 प्रति माह है। कृपया ध्यान दें, अगर फ़ेडरल COVID-19 सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल स्कूल वर्ष के दौरान खत्म हो जाता है, तो फ़ेडरल सरकार इस स्कूल वर्ष में P-EBT लाभ खत्म कर देगी। उस स्थिति में, ये अक्सर पूछे जाने वाले सवाल P-EBT की उपलब्धता वाले आखिरी महीने की सूचना देने के लिए अपडेट किए जाएँगे।

प्र19: घर से पढ़ाई करने वालों के लिए P-EBT लाभ कब जारी किए जाएँगे?

उ: घर से पढ़ाई के लिए लाभ मई 2023 में एक साथ जारी किया जाएगा और इसमें सितंबर से लेकर जून तक के लाभ शामिल होंगे, अगर फ़ेडरल सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल जून से पहले खत्म न हो, तो।

उस स्थिति में, ये अक्सर पूछे जाने वाले सवाल P-EBT की उपलब्धता वाले आखिरी महीने की सूचना देने के लिए अपडेट किए जाएँगे।

प्र20: जब स्कूल बंद होता है या मेरा बच्चा अनुपस्थित है, तो हम मील्स पैक करा कर ले आते हैं या स्कूल हमारे घर मील्स भेजता है। अगर मुझे P-EBT लाभ मिलता है, तो क्या मुझे यह रोकना होगा? क्या वह मुझे लाभ के लिए अयोग्य बना देता है?

उ: नहीं। घर से पढ़ाई करने के लिए मील्स पा रहे विद्यार्थी अब भी P-EBT लाभ के पात्र हैं। आप ये मील्स भी पा सकते हैं और इस लाभ के लिए क्वालिफ़ाई भी कर सकते हैं।

प्र21: मेरे अन्य बच्चे भी हैं, जो स्कूल में या घर से पढ़ाई करने के लिए नामांकित नहीं हैं। क्या वे लाभ के पात्र हैं?

उ: नहीं। लाभ सिर्फ़ उन बच्चों के लिए है जो ऐसे स्कूल में नामांकित हैं जो आमतौर पर राष्ट्रीय स्कूल लंच कार्यक्रम में भाग लेते हैं या उन पात्र बच्चों के लिए है जो प्रश्न 16 में दी गई शर्तों को पूरा करने वाले AOE के ज़रिए घर से पढ़ाई करने के लिए नामांकित हैं।

प्र22: मेरे बच्चे ऐसे स्वतंत्र स्कूल में जाते हैं जो राष्ट्रीय स्कूल लंच कार्यक्रम में भाग ले रहा है। मेरे बच्चे पहले मुफ्त या कम कीमत पर मील्स के लिए क्वालिफ़ाई नहीं करते थे, लेकिन अब हमारी स्थिति बदल गई है। क्या मुझे P-EBT मिलेगा?

उ: अगर आपकी आर्थित स्थिति बदल गई है, तो हम आपको इनके लिए आवेदन करने के लिए प्रेरित करते हैं:

- **3SquaresVT** - अगर आपको मासिक लाभ मिलता है, तो आपका बच्चा स्कूल में मुफ्त मील्स के लिए क्वालिफ़ाई करता है और P-EBT लाभ पा सकता है। DCF की वेबसाइट पर आवेदल करने का तरीका जानने के लिए यह लिंक देखें https://dcf.vermont.gov/benefits/3SquaresVT।
- **मुफ्त या कम कीमत पर मील्स** – आवेदन फ़ॉर्म अपने बच्चे के स्कूल या शिक्षा एजेंसी की वेबसाइट से पाएँ: https://education.vermont.gov/। आपके स्कूल में सबमिट किए गए अनुमोदित आवेदन आपके घर को सितंबर 2022 से लाभ के लिए क्वालिफ़ाई कर सकते हैं।

प्र23: अगर मुझे ये लाभ नहीं चाहिए, तो क्या?

उ: भागीदारी ऐच्छिक है। अगर आप भागीदारी न करना चुनते हैं, तो इनमें से एक काम करें:

- आपके 3SquaresVT EBT कार्ड पर जारी किए गए अतिरिक्त लाभों का उपयोग न करें। *या*
- आपके विशेष रूप से जारी किए गए P-EBT कार्ड की चुंबकीय पट्टी को काट कर और कार्ड को सुरक्षित तरीके से नष्ट करके, अपने कार्ड को नष्ट कर दें। आप अपना कार्ड किसी और को नहीं दे सकते हैं।

प्र24: क्या खर्च न किए जाने पर P-EBT लाभ एक्सपायर हो जाएँगे?

उ: हाँ। अगर 274 दिनों में कार्ड का उपयोग न किया जाए, तो P-EBT लाभ एक्सपायर हो जाते हैं।

प्र25: मेरे अधिक सवाल हैं। मुझे अधिक जानकारी कहाँ मिलेगी?

उ: इस लिंक पर जाएँ https://dcf.vermont.gov/esd/P-EBT या 1-800-479-6151 पर कॉल करें और अधिक जानकारी के लिए विकल्प 7 चुनें। अगर आपके मन में मुफ्त या कम कीमत में मील्स के लिए अपने विद्यार्थी की पात्रता से जुड़े विशिष्ट सवाल हैं या आप कार्ड जारी करने के लिए उपयोग होने वाला घर का मुखिया या डाक पता बदलना चाहते हैं, तो अपने विद्यार्थी के स्कूल से संपर्क करें।